नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


5 जनता अपराध नहीं, विकास चाहती है


6 विलुप्ति की कगार पर छल्ला बोलों और अड़ल्या-घड़ल्या


7 ज्योतिष पृथ्वी तक सिमित नहीं


8 चोट के बाद रिटायर हर्ट हुए ऋषभ पंत

# संगठन मजबूत करें : राहुल

## राहुल गांधी ने नवचयनित जिला अध्यक्षों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया

- बिना किसी भेदभाव और भय के लोगों के बीच जाएं
- समस्याओं को समझें और न्याय के लिए खड़े हों



**आशीष कुर्ल, नवभारत**
**पचमढ़ी, 8 नवंबर. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को पचमढ़ी में नवनिर्वाचित जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया. हेलीकॉप्टर से आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्ण स्वागत किया. निर्धारित कार्यक्रम से लगभग एक घंटे पहले पहुंचने के बावजूद, उनका स्वागत जोशपूर्ण और आत्मीय रहा.**

राहुल गांधी का मुख्य उद्देश्य नवचयनित जिला अध्यक्षों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और उन्हें संगठनात्मक व राजनीतिक मार्गदर्शन देना रहा. प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनता की लड़ाई मानवता की लड़ाई है. उन्होंने जिला अध्यक्षों से कहा कि वे बिना किसी भेदभाव और भय के लोगों के बीच जाएं, उनकी समस्याओं को समझें और न्याय व समानता के लिए खड़े हों.

उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की असली शक्ति जनता से जुड़ाव में है. इसलिए जिला स्तर के नेताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहना होगा. राहुल गांधी ने प्रशिक्षण सत्रों में भी भाग लिया और कार्यकर्ताओं से खुलकर बातचीत की.

पचमढ़ी पहुंचने से पहले राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों के परिवारों से मिलने की इच्छा व्यक्त की थी. शाम को उन्होंने उनके परिवारों से एक-एक कर मुलाकात की और उनके साथ रात्रिभोज भी किया. कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों ने इसे बेहद आत्मीय और प्रेरक अनुभव बताया.

**वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से लिया राजनीतिक फीडबैक**

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया और वरिष्ठ नेता अशोक सिंह भी उपस्थित रहे. बंद कमरे की बैठक में राहुल गांधी ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर फीडबैक लिया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की. कांग्रेस नेतृत्व को उम्मीद है कि यह संवाद और प्रशिक्षण आने वाले राजनीतिक चुनौतियों के लिए पार्टी को अधिक सक्षम और सक्रिय बनाएगा.

सूत्रों के अनुसार, पूरे दिन चली बैठकों में आगामी राजनीतिक रणनीति, संगठन की मजबूती और प्रदेश में कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई. इसे रविवार को होने वाले व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम से पहले की रणनीतिक बैठक माना जा रहा है.

# अजीत मिश्रा ने किया टॉप

- एमपीपीएससी 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी



**इंदौर, 8 नवंबर. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ( एमपीपीएससी ) ने राज्य सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है. पन्ना के अजीत मिश्रा ने परीक्षा में टॉप किया है.**

भुवनेश चौहान से दूसरी रैंक और सागर के यशपाल स्वर्णकार ने तीसरी रैंक हासिल की है. दमोह के अभिषेक जैन का भी डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन हुआ है.

उल्लेखनीय है कि राज्य सेवा परीक्षा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा के बाद राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 की परीक्षा 11 मार्च 2024 से 16 मार्च 2024 तक आयोजित की गई थी. जिसका रिजल्ट 30 दिसंबर 2024 को जारी किया गया था. इसमें चयनित आवेदकों के इंटरव्यू 7 जुलाई 2025 से 7 अगस्त 2025 तक आयोजित किए गए थे. 229 पदों के लिए परीक्षा हुई थी.



अमूल को विश्व में नं.1 को-ऑपरेटिव का सम्मान दिया गया!

# वंदे भारत ट्रेन देश की आत्मनिर्भरता की पहचान

**वाराणसी, 08 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इनमें वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने बनारस रेलवे स्टेशन से रवाना किया, जबकि दिल्ली-फिरोजपुर, लखनऊ-सहारनपुर और एर्नाकुर्लम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस को उन्होंने वर्चुअली झंडी दिखाकर रवाना किया.**



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए कहा, बाबा विश्वनाथ की ई पावन नगरी में आप सब लोगन के काशी के परिवारजन के हमार प्रणाम. देव दीपावली के बाद आज के दिन भी काशी के विकास पर्व पर आप सबके शुभकामना देत हईं. उन्होंने कहा कि विकसित देशों की प्रगति का सबसे बड़ा आधार मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर रहा है. भारत भी अब तेजी से उसी राह पर आगे बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क, सड़कों और नई व्यवस्थाओं के विस्तार से देश के हर हिस्से में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है. देश में अब 160 से अधिक वंदे भारत ट्रेन संचालित हो रही हैं.

**उच्चतम न्यायालय में राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन**


**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जब कानून वित्तीय पृष्ठभूमि देखे बिना लोगों की भाषा में, समय पर और सबके लिए उपलब्ध होता है तब ही सही मायने में सामाजिक न्याय की स्थापना होती है. मोदी ने उच्चतम न्यायालय में 'कानूनी सहायता तंत्र की मजबूती विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि जब लोग कानून को अपनी भाषा में समाहित करते हैं तो इसका बेहतर अनुपालन होता है और मुकदमेबाजी भी कम होने लगती है.

# अमेरिका में 'शटडाउन' से अफरातफरी

## अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने दी जानकारी

**वाशिंगटन, 08 नवंबर. अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण 1,000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया.**

**04** हजार 309 उड़ानें रही लेट | **01** हजार से अधिक अमेरिकी उड़ान रद्द



अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शाम पांच बजे तक 4 हजार 309 उड़ानें लेट थीं और 1 हजार 2 को रद्द किया गया. यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा घोषणा के बाद हुआ है, जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी. क्योंकि शटडाउन की वजह से स्टाफ नहीं मिल रहा है.

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से

**नई दिल्ली.** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा और इस अपेक्षाकृत संक्षिप्त सत्र के दौरान केवल 15 बैठकें होंगी. संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में शीतकालीन सत्र की घोषणा करते हुए इसके रचनात्मक और सार्थक रहने की उम्मीद जताई है. उन्होंने कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. हम एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा करते हैं.



PATANJALI wellness Yoga, Ayurveda & Naturopathy
देश के 5 करोड़ से अधिक देशवासी जिनमें CGHS (सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारी), CAPF (सेंटर आर्म पुलिस फोर्स), ECHS (भूतपूर्व सैनिकों) कार्ड धारक पेशेंट्स को रेफरल द्वारा निःशुल्क सेवा तथा देश की 30 से अधिक प्रमुख बीमा कम्पनियों (SBI General, Reliance Insurance, United Insurance, ICICI Lombard, HDFC ERGO, MEGMA, Aditya Birla) के तहत रिम्बर्समेंट सुविधा का लाभ। पतंजलि वेलनेस, योगग्राम व निरामयम् में 1 से 2 सप्ताह तक निःशुल्क सेवा का लाभ प्राप्त करें।
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 8954666111, 8954666222, 8954666333

# पूर्व सरकारी डॉक्टर के लॉकर में मिली एके-47 राइफल

**श्रीनगर, 08 नवंबर. जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में उस वक्त सनसनी मच गई, जब अनंतनाग के पूर्व सरकारी डॉक्टर अदील अहमद रदर के लॉकर से एके-47 राइफल बरामद की गई. अदील 24 अक्टूबर 2024 तक जीएमसी अनंतनाग में कार्यरत थे.**



वो जलगुंड अनंतनाग के रहने वाले हैं. इस मामले में पुलिस थाना नौगाम में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस और जांच एजेंसियां इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं. अदील अहमद रदर के खिलाफ इस प्रकार की हथियार रखने और संभवतः आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्तता के कारण मामला दर्ज किया गया है.

# कुपवाड़ा में दो आतंकवादी ढेर

- सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम



**श्रीनगर, 08 नवंबर. जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा ( एलओसी ) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है. सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी.**

बताया कि सतर्क सैनिकों ने शुक्रवार की देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई. घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी. सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई. सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा, चल रहे अभियान में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है.

**वीडियो वायरल** | भोजन परोसने का वीडियो वायरल होने पर कार्रवाई

# मध्यान्ह भोजन में लापरवाही : प्रधानाध्यापक निलंबित

## बच्चों को जमीन पर बैठाकर कागज में दिया था भोजन

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 08 नवंबर. मिडिल स्कूल हुल्लपुर में बच्चों को कागजों पर मध्याह्न भोजन परोसने का एक वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है. वीडियो में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन जमीन पर बैठाकर कागज पर परोसते हुए दिखाया था.**

मामले में संज्ञान लेते हुए बीईओ विजयपुर ने 6 नवंबर को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी. रिपोर्ट में जय संतोषी मां स्वयं सहायता समूह की भोजन व्यवस्था संभालने को लेकर लापरवाही मिली. बताया गया कि स्कूल में भोजन बनाने वाले रसोइया में 5 है. जबकि घटना के दिए 2 रसोइया अनुपस्थित थे. इस कारण बर्तन ठीक से साफ नहीं हो रहे थे.

जांच के बाद मध्याह्न भोजन निगरानी समिति ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय हुल्लपुर के साथ जय संतोषी माता स्वयं सहायता समूह का अनुबंध रद्द कर दिया. इसके बाद मध्याह्न भोजन विद्यालय प्रबंधन समिति को सौंप दिया गया. साथ ही मध्याह्न गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के दायित्व का निर्वहन न करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक को भी निलंबित कर दिया. इसके अतिरिक्त इस मामले की विस्तृत जांच और मध्याह्न भोजन की सख्त निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया.

सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को 5 विद्यालयों का यादृच्छिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं. निरीक्षण, निगरानी और मध्याह्न भोजन निरीक्षण के लिए सभी आवश्यक विशेषताओं वाला एक गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, जिससे कमियों में सुधार किया जा सके.